# वीयू – राष्ट्रीय संगोष्ठी हेतु पत्रकार वार्ता का आयोजन

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा एवं पशु महाविद्यालय जबलपुर में आज दिनांक 27 अक्टूबर 2025 को एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया ।यह पत्रकार वार्ता नानाजी देशमुख वेटरनरी साइंस यूनिवर्सिटी जबलपुर एवं इंडियन एसोसिएशन ऑफ वेटरनरी एनाटॉमिस्ट (IAVA) के संयुक्त तत्वाधान में 39 वाँ अधिवेशन एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी के आयोजन की जानकारी साझा करने हेतु रखी गई। उक्त वार्ता में माननीय कुलपति महोदय प्रोफेसर मनदीप शर्मा जी ने पत्रकार बंधुओ को संबोधित किया उन्होंने बताया कि यह राष्ट्रीय सम्मेलन एनाटॉमी विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा है जो की 29 से 31 अक्टूबर 2025 तक चलेगा जिसका शीर्षक पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन के समग्र विकास हेतु एवं वैश्विक चुनौतियों को कम करने में पशु शरीर रचना विज्ञान में पारंपरिक एवं नवाचार तकनीक की भूमिका इस सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि डॉक्टर इलिया राजा टी IAS (सेक्रेटरी माननीय मुख्यमंत्री एवं मैनेजिंग डायरेक्टर मध्य प्रदेश टूरिज्म डिपार्टमेंट) एवं विशिष्ट अतिथि माननीय कुलगुरु जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय रहेंगे ।




इस वर्ष का सम्मेलन पशु शरीर संरचना के क्षेत्र में हाल ही में हुए महत्वपूर्ण अत्यधिक नवाचारों को पारंपरिक पद्धतियों के साथ जोड़ रही है इसका मुख्य उद्देश्य पशु स्वास्थ्य रोग निदान और उपचार से संबंधित वैश्विक चुनौतियों को प्रभावी ढंग से प्रबंध करना है। इस राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से 200 वैज्ञानिक, शिक्षाविद, शोधकर्ता एवं विद्यार्थी सम्मिलित हो रहे हैं। इसमें कुल शोध सारांश 232 तथा 22 मुख्य शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे इस तीन दिवसीय सम्मेलन में कुल 17 तकनीकी होंगे जिसमें प्रमुख विषय एनाटॉमी आफ वाइल्डलाइफ एंड जू एनिमल डेवलपमेंट, एनाटॉमी एनाटॉमिकल टेक्निक्स, बायोटेक्नोलॉजी एवं स्टेम सेल आदि रहेंगे, सम्मेलन में विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार दिए जाएंगे जैसे श्रेष्ठ शोध पत्र यंग साइंटिस्ट पुरस्कार, श्रेष्ठ स्नातकोत्तर, पीएचडी शोधग्रन्थ पुरस्कार, फैलोशिप एवं लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड।

सम्मेलन में देश के वरिष्ठ वैज्ञानिक विभिन्न सत्रों में अपना व्याख्यान देंगे जिसमें डॉ संदीप गोयल की NIAB हैदराबाद से, डॉ सुनीता अठावले एम्स भोपाल, नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर से डॉ दीपक वरकडे, डॉ संजय पांडे एवं डॉ देवाशीष मिश्रा आदि। कुलपति महोदय ने इस राष्ट्रीय सम्मेलन को बहुत ही उपयोगी बताया और कहा कि यह संगोष्ठी न केवल वैज्ञानिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण होगा बल्कि किसानों पशुपालकों और ग्रामीण समाज के लिए भी अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा इस सम्मेलन से प्राप्त निष्कर्ष और सुझाव पशुपालन एवं

स्वास्थ्य सेवाओं को सुधार करेंगे जिससे पशुपालक की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। पत्रकार वार्ता के दौरान आयोजन अध्यक्ष अधिष्ठाता पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय डॉ आर.के. शर्मा, आयोजन सचिव डॉ. राखी वैश्य आयोजन सहसचिव डॉ एस.के. कारमोरे, डॉ आदित्य मिश्रा DSW, डॉ रामकिंकर मिश्र सहायक कुलसचिव, जनसंपर्क अधिकारी डॉ. सोना दुबे तथा प्रिंट एवं डिजिटल मीडिया से पधारे बंधु उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर